Seat No. : _______________

# AC-133

**April-2019**

## M.A., Sem.-II

## 411-EA : Hindi

## (स्वरूप आधारित हिन्दी पद्य–खंडकाव्य)

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें ।
(2) निम्नलिखित प्रश्न 1 (ब) और 2 (ब) में से किन्हीं **चार** तथा प्रश्न 3(ब) और 4(ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या एक–दो वाक्य में दीजिए ।

1. (क) खंडकाव्य का स्वरूप बताकर उसके लक्षणों पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

जगदीश चतुर्वेदी के साहित्यिक योगदान की चर्चा कीजिए ।

(ख) (1) खंडकाव्य का कलेवर महाकाव्य की तुलना में – **4**

(a) बहुत बड़ा होता है । (b) (a) और (c) दोनों
(c) बहुत छोटा होता है । (d) इनमें से कोई नहीं

(2) कुँवर नारायण का कहानी संग्रह है –

(a) आज और आज से पहले (b) आकारों के आसपास
(c) अपने सामने (d) अमर उजाला

(3) 'चक्रव्यूह' कुँवर नारायण की किस प्रकार की विधा है ?

(a) कहानी–संग्रह (b) उपन्यास–संग्रह
(c) निबंध–संग्रह (d) कविता–संग्रह

(4) सियारामशरण गुप्त के प्रथम खंडकाव्य का नाम क्या है ?

(5) कुँवर नारायण का जन्म किस वर्ष में हुआ ?

(6) कर्ण के जीवन को आधार बनाकर कवि दिनकर ने किस खंडकाव्य की रचना की ?

2. (क) 'आत्मजयी' का स्वरूपगत अध्ययन कीजिए । **14**

**अथवा**

" 'आत्मजयी' में आधुनिक मनुष्य की जटिल नियति से एक गहरा काव्यात्मक साक्षात्कार है ।" स्पष्ट कीजिए ।

(ख) (1) 'आत्मजयी' काव्य का प्रकार है – **4**

(a) महाकाव्य (b) चम्पूकाव्य (c) मुक्तक काव्य (d) खंडकाव्य

(2) 'आत्मजयी' में ली गयी समस्या नयी नहीं – उतनी ही पुरानी है जितना जीवन और मृत्यु-सम्बन्धी –

(a) मानव की मृत्यु (b) मनुष्य का अनुभव

(c) मानव की सोच (d) मनुष्य की मानवता

(3) नचिकेता के पिता का नाम है –

(a) वाजसृष्टा (b) वाजवाज (c) वाजश्रवा (d) वाजश्रयी

(4) 'आत्मजयी' रचना की भूमिका किस कवि ने लिखी है ?

(5) 'आत्मजयी' का कथानक किस पौराणिक रचना से लेकर कवि कुँवर नारायण ने थोड़ा परिवर्तन किया है ?

(6) किस भाषा में 'नचिकेता' के नाम से 'आत्मजयी' का अनुवाद प्रकाशित हुआ है ?

3. (क) खंडकाव्य के लक्षणों के आधार पर 'सूर्यपुत्र' की समीक्षा कीजिए। **14**

**अथवा**

'सूर्यपुत्र' रचना के भाषा सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

(ख) (1) जगदीश चतुर्वेदी ने किस महान व्यक्ति की कल्पना को एक प्रतीकात्मक अर्थ देने का महत्वपूर्ण प्रयास किया ? **3**

(a) वेदव्यास (b) कालिदास (c) वाल्मीकि (d) भामह

(2) किसने कहा "महाभारत के कुछ पात्र मुझे बचपन से ही आकर्षित करते रहे हैं" ?

(a) जगदंबा प्रसाद (b) जगदीश चतुर्वेदी

(c) जगन्नाथ त्रिपाठी (d) जगदीश जोशी

(3) कर्ण के दानवीर तथा शूरवीर रूप का चित्रण किस सर्ग में है ?

(a) युगान्त (b) प्रतिश्रुत (c) विरति (d) शक्ति-संधान

(4) 'सूर्यपुत्र' रचना के अंत में कृष्ण किस व्यक्ति को द्वापर का सर्वोत्तम वीर कहते हैं ?

(5) 'सूर्यपुत्र' किसने सर्गों में विभक्त प्रबंध काव्य है ?

4. (क) एक मिथक रचना के रूप में 'आत्मजयी' की चर्चा कीजिए। **14**

**अथवा**

'सूर्यपुत्र' रचना की समकालीनता पर प्रकाश डालिए।

(ख) (1) प्राचीन पुराकथाओं का तत्व नवीन स्थितियों में नये अर्थ का वहन करें उसे क्या कहते हैं ? **3**

(a) प्रतीक (b) मिथक (c) बिम्ब (d) इनमें से कोई नहीं

(2) हिन्दी में मिथक किस युग की देन है ?

(a) हालावाद (b) प्राचीन (c) आधुनिक (d) इनमें से कोई नहीं

(3) समकालीनता का पर्याय है –

(a) सूचना (b) समाचार (c) सामाजिकता (d) समसामयिकता

(4) मिथक शब्द के लिए कवि कुँवरनारायण ने किस शब्द का प्रयोग किया है ?

(5) मिथक शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का हिन्दी रूप है ?

---

Seat No. : _______________

# AC-133

**April-2019**

## M.A., Sem.-II

## 411-EB : Hindi

## (युग आधारित हिन्दी पद्य)

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (क) प्रगतिवाद के प्रमुख लक्षणों की चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

प्रगतिवाद के प्रमुख तीन कवियों का संक्षेप में परिचय दीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / एक वाक्य में लिखिए : **4**

(1) सामाजिक यथार्थ को प्रतिष्ठित करने के सिद्धांत को किस नाम से जाना गया है ?

(a) प्रगतिवाद (b) मार्क्सवाद (c) यथार्थवाद (d) प्रतिष्ठितवाद

(2) काव्य के क्षेत्र में 'प्रगतिवाद' का समय कब तक माना गया है ?

(a) 1936 से 1945 (b) 1937 से 1943

(c) 1935 से 1942 (d) 1932 से 1950

(3) 'प्रगतिशील लेखक संघ' के किस अधिवेशन से प्रगतिवादी साहित्य का प्रचलन माना जाता है ?

(a) प्रथम (b) द्वितीय (c) तृतीय (d) चतुर्थ

(4) प्रगतिवादी साहित्यकारों ने किसे समाज का 'जागरूक प्रहरी' कहा है ?

(5) प्रगतिवाद के समर्थन में किस पत्रिका का अमूल्य योगदान रहा है ?

(6) पंतजी के अनुसार 'उपयोगितावाद' का दूसरा नाम क्या है ?

2. (क) प्रगतिवादी काव्यधारा में वर्गगत समाज की सविस्तार चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

प्रगतिवादी सौन्दर्यशास्त्र का आधार द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद है । सिद्ध कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / एक वाक्य में लिखिए : **4**

(1) मार्क्स के दर्शन को किस नाम से जाना गया है ?

(a) द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद (b) भौतिकवाद

(c) प्रतीकवाद (d) आदर्शवाद

(2) 'द्वन्द्ववाद' के चिंतक किसे कहा गया है ?

(a) फायरबाख (b) हेगेल (c) अरस्तू (d) ग्यूथे

(3) भारतीय परंपरा में किसे 'साधना' की उपाधि दी गई है ?

(a) मान्यताओं को (b) रीतिरिवाज को

(c) कला को (d) समाज को

(4) धर्म और ईश्वर के प्रति अनास्था का भाव किस युग में दिखाई देता है ?

(5) किस युग में मानव की महत्ता सर्वोपरि मानी गयी है ?

(6) किसके माध्यम से समाज की पहचान होती है ?

3. (क) प्रगतिवादी कवि के रूप में केदारनाथ अग्रवाल का साहित्यिक परिचय दीजिए। **14**

**अथवा**

प्रगतिवादी सौंदर्यशास्त्र की दृष्टि से केदारनाथ अग्रवाल की कविताओं का मूल्यांकन कीजिए।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / एक वाक्य में लिखिए : **3**

(1) केदारनाथ अग्रवाल ने हिन्दी भाषा के अलावा अन्य किस भाषा में भी कविताएँ लिखी है ?

(a) खड़ीबोली (b) ब्रज (c) अवधि (d) फ़ारसी

(2) प्रकृति का उत्कृष्ट चित्रण केदारनाथ की किस कविता में दिखाई देता है ?

(a) पूर्वा (b) आकाशगंगा (c) युग की धारा (d) बसन्ती हवा

(3) 'फूल नहीं रंग बोलते हैं' काव्यसंग्रह कि साल में प्रकाशित हुआ है ?

(a) 1965 (b) 1962 (c) 1952 (d) 1955

(4) 'फूल नहीं रंग बोलते हैं' काव्यसंग्रह को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?

(5) केदारनाथ अग्रवाल की कविताओं में किसके बिम्बात्मक चित्र दिखाई देते हैं ?

4. (क) नागार्जुन का साहित्यिक परिचय दीजिए। **14**

**अथवा**

नागार्जुन की कविताओं में प्रकट समाजाभिमुखता के स्वर की चर्चा कीजिए।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / एक वाक्य में लिखिए : **3**

(1) नागार्जुन की धुमक्कड़ी का मुख्य प्रयोजन क्या रहा है ?

(a) प्रवृत्तिमात्र (b) यात्रामात्र (c) ज्ञान अर्जित (d) रूचिमात्र

(2) नागार्जुन को किस काव्यसंग्रह पर 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' प्राप्त हुआ है ?

(a) पत्रहीन नग्न गाछ (b) युगवाणी

(c) युगधारा (d) सतरंगे पाखोवाली

(3) नागार्जुन संस्कृत भाषा में किस उपनाम से साहित्य रचना करते थे ?

(a) सूत्रधार (b) कौटिल्य (c) चाणक्य (d) विदूषक

(4) 'युगधारा' काव्यसंग्रह कब प्रकाशित हुआ है ?

(5) नागार्जुन की प्रथम कविता का नाम क्या है ?